तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



खारुन नदी पर पुल निर्माण के लिए भेलवाकूदा के ग्रामीणों ने ... 13



सावन महीने में शिव कथा का होगा आयोजन 14

## खबर संक्षेप

### आद्यगुरु शंकराचार्य का पूजन कार्यक्रम आज

**धमतरी।** तहसील ब्राम्हण समाज द्वारा 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर आद्यगुरु शंकराचार्य का पूजन कार्यक्रम राम मंदिर परिसर इतवारी के पास शाम 7 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में समाज के पांच वरिष्ठ सेवानिवृत्त गुरुजनों का सम्मान तहसील अध्यक्ष पंडित सूर्यकांत तिवारी समेत पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी तहसील ब्राम्हण समाज के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी , आशुतोष शर्मा ने दी।

### साईं मंदिर में गुरु पूर्णिमा आज

**मगरलोड।** मधुबन धाम रांकाडीह के साईं मंदिर में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम मनाया जाएगा। सुबह मंगला स्नान, हवन पूजन के बाद साईं बाबा का श्रृंगार होगा। साईं भजन पश्चात प्रसादी का वितरण होगा। साईं मंदिर की संचालिका सुलोचना ठाकुर ने क्षेत्र के साईं भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक आज

**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सरकार से कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी को लागू करवाने के लिए ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर फिर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया कि 16 जुलाई को ब्लॉक स्तरीय वादा निभाओ रैली एवं 22 अगस्त को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आंदोलन होगा। इस परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक स्तर पर रणनीति तैयार करने 10 जुलाई गुरुवार को शाम 4 बजे बीआरसी कार्यालय नगरी में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी की बैठक रखी गई है। सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरमरा निवासी राधे नेताम पिता देऊर उम्र 50 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। अधेड़ ने मंगलवार की देर रात्रि घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने अधेड़ को रात्रि में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अधेड़ द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं है।

285 आंगनबाड़ियों के पास तो भवन ही नहीं, चल रहे किराए और उधारी के मकानों में

# जर्जर भवनों में संचालित हो रहीं 105 आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नौनिहालों को प्री स्कूल शिक्षा देने वाली कई आंगनबाड़ी बदहाली के दौर से गुजर रही है। 285 आंगनबाड़ियों के पास तो भवन ही नहीं है। 105 स्कूल जर्जर कंडीशन में हैं, जिसकी जांच और मूल्यांकन के लिए आरईएस को पत्र लिखा गया है। आरईएस द्वारा जर्जर घोषित होने के बाद इन भवनों को डिस्मेंटल किया जाएगा।

जिले में कुल 1164 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जहां पर न सिर्फ महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य से संबंधित योजनाएं चलाई जाती हैं, बल्कि नौनिहाल शिक्षा की शुरूआत भी इन्हीं आंगनबाड़ियों से करते हैं। यह उनके लिए प्री स्कूल हैं। ऐसे में इन केंद्रों को अपडेट रहना चाहिए। विडंबना यह है कि इसमें से कई आंगनबाड़ी जर्जर कंडीशन में हैं। अंचल में लगातार बारिश का दौर चल रहा है। ऐसे में इन जर्जर भवनों में आंगनबाड़ियों का संचालन खतरे से खाली नहीं है। महिला बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 105 आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति खराब है। ग्रामीणों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इन भवनों को जर्जर घोषित करने की मांग की थी। स्थिति को देखते महिला बाल विकास विभाग द्वारा आरईएस को पत्र लिखा गया है। आरईएस के इंजीनियर इन भवनों का निरीक्षण करने के बाद भवनों की कंडीशन को लेकर स्थिति स्पष्ट करेंगे। तोड़ने लायक भवनों को तोड़ा जाएगा। मरम्मत करने योग्य भवनों की मरम्मत की जाएगी।

#### शहर में 14 आंगनबाड़ी भवन बन रहे

जिले की 885 आंगनबाड़ियों के पास ही खुद का भवन है। बाकी आंगनबाड़ी उधारी के भवनों में चल रही है। जानकारी के अनुसार 285 आंगनबाड़ी के पास भवन नहीं है। इसमें से 43 तो किराए के भवन में चल रही, जबिक 242 सामुदायिक भवन या अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रही है। राहत की बात है कि इनमें से 81 आंगनबाड़ियों के भवन निर्माण का काम चल रहा है। शहर में 14 आंगनबाड़ी भवन बन रहे हैं, जिसमें से 6 भवन कम्पलीट भी हो चुके हैं। अन्य आंगनबाड़ियों के लिए भवनों की डिमांड की गई है।



#### कमार बस्तियों में 19 आंगनबाड़ी केंद्र खुले

पहले जिले में 1106 आंगनबाड़ियां थी। जरूरत के अनुसार इनकी संख्या बढ़ाई गई। 58 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले गए, जिसमें से 19 आंगनबाड़ी केंद्र जनमन योजना के तहत कमार बस्तियों में खोले गए हैं। बाकी के नए आंबा सामान्य क्षेत्रों में खोले गए हैं। जनमन के तहत खोले गए आंगनबाड़ियों में से 12 आंगनबाड़ियों के लिए नया भवन स्वीकृत भी हो चुका है। प्रत्येक भवन की लागत 12 लाख रुपए है। जनमन योजना से बनी बाकी 7 आंगनबाड़ियों के लिए भी भवन की मांग की गई है।

# महापौर और आयुक्त ने किया नालों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ नालियों में कचरा नहीं डालने और स्वच्छता बनाए रखने शहरवासियों से की अपील

नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बुधवार को महापौर रामू रोहरा एवं आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल ने सोरिद नाला, पी.डी. नाला एवं नवागांव क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने देखा कि पहले की अपेक्षा नालों की सफाई और मरम्मत के चलते जल निकासी व्यवस्था में सुधार हुआ है। भारी बारिश के बावजूद जलभराव की समस्या में कमी देखी गई है।

महापौर श्री रोहरा ने नगर निगम के अमले को धन्यवाद देते हुए निर्देशित किया कि नियमित निगरानी एवं साफ-सफाई कार्यों को जारी रखा जाए, ताकि नागरिकों को बारिश के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आयुक्त श्रीमती गोयल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल निकासी के क्षेत्र में टीम तैनात रहे तथा बारिश की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करें। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे नालों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।




# रुद्री रोड के बड़े नाले में गिरा पालतू मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पानी निकासी के लिए बड़ी नालियां सड़क किनारे बनाई गई हैं जिसमें सड़क पर विचरण कर रहे जानवर गिर रहे हैं। समय रहते मददगार पहुंच जाते हैं और मशक्कत कर निकाल भी लेते हैं। यदि रात में गिर जाए तो उनकी जान आफत में आ जाती है।

बुधवार की दोपहर रुद्री रोड में सुमित बाजार के सामने दत्ता कार वॉशिंग के पास एक मवेशी फिर गिर गया। संचालक अविनाश ने इसकी सूचना गौ सेवकों को दी। कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। ज्ञात हो दो दिन पहले ही आमातालाब रोड में खुली नाली में एक मवेशी गिर गया था जिसे जेसीबी और वार्डवासियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया था। ऐसी कई जगह है जहां पर अक्सर जानवर गिरते हैं। उन नालियों को ढंका जाए या फिर घुमंतू मवेशियों को सड़क से हटाया जाए।



# कीचड़ भरी सड़क पर शहर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

■ धान व बेशरम के पौधे रोपे, राहगीरों को भेंट किए कमल के फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के रत्नाबांधा चौक से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तक की बदहाल सड़क को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर क्र. 2 ने एक अनोखा प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि वे नियमित रूप से नगर निगम को टैक्स देते हैं, लेकिन सड़क की मरम्मत और रखरखाव के मामले में निगम पूरी तरह विफल रहा है जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है और ग्राहक घट रहे हैं।





शहर कांग्रेस ने इस मुद्दे को रचनात्मक और प्रतीकात्मक तरीके से उठाने के लिए रत्नाबांधा-मुजगहन मार्ग पर कीचड़ में बेशरम का पौधा रोपकर नगर निगम और शासन-प्रशासन की उदासीनता पर तंज कसा। साथ ही राहगीरों को कमल का फूल भेंटकर यह संदेश दिया कि जनता की समस्याओं के प्रति प्रशासन का रवैया बेशर्म है। यह प्रदर्शन स्थानीय लोगों और राहगीरों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

प्रदर्शन में अम्बर चन्द्राकर, तारिक रजा कादरी, आशुतोष खरे, नवीन गजेंद्र, मोहन, वीरू महाजन, शेख सोहेल आदि उपस्थित थे।

#### बारिश में रास्ता बना तालाब

रत्नाबांधा से हाउसिंग बोर्ड तक का यह मार्ग शहर का एक व्यस्ततम इलाका है, जहां पाइपलाइन विस्तार कार्य के बाद सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। बारिश ने इस मार्ग को कीचड़ से सराबोर कर दिया है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय व्यवसायी और रहवासी निगम के रवैये से नाराज हैं। एक स्थानीय दुकानदार ने कहा कि हम टैक्स देते हैं, लेकिन निगम सड़क की मरम्मत तक नहीं करता। बारिश में यह रास्ता तालाब बन जाता है और ग्राहक हमारी दुकानों तक नहीं पहुंच पाते।

#### शहर की जनता मुसीबत में

शहर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने इस प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि नगर निगम और शासन की लापरवाही ने शहर की जनता को मुसीबत में डाल दिया है। यह सड़क शहर के प्रमुख मार्गों में से एक है, फिर भी इसकी दुर्दशा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गीतराम सिन्हा ने कहा कि हमारा यह प्रदर्शन प्रशासन को जगाने और जनता की समस्याओं को उजागर करने का प्रयास है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निगम और सत्ताधारी दल केवल दिखावे की राजनीति में व्यस्त हैं, जबकि जनता की मूलभूत समस्याएं अनसुलझी रहती हैं।

#### पाइपलाइन विस्तार और ठेकेदार की लापरवाही

रत्नाबांधा रोड पर पाइपलाइन विस्तार कार्य के दौरान ठेकेदार और जेसीबी चालक की लापरवाही से पाइपलाइन में छेद हो गया था, जिसके कारण लाखों लीटर पानी सड़क पर बह गया। इस घटना में भी निगम की लापरवाही सामने आई थी और महापौर ने ठेकेदार पर कार्रवाई की बात कही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी घटना बार-बार हो रही है, और निगम की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा रहा।

#### प्रशासन से सवाल

कांग्रेस नेताओं ने इस प्रदर्शन के जरिए प्रशासन से सवाल किया कि आखिर कब तक जनता को इस तरह की असुविधा झेलनी पड़ेगी। उन्होंने मांग की कि रत्नाबांधा-मुजगहन मार्ग को तत्काल ठीक किया जाए और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। साथ ही उन्होंने निगम से इस मार्ग के रखरखाव के लिए एक दीर्घकालिक योजना बनाने की मांग की।

#### निगम तुरंत कार्रवाई करे

प्रदर्शन को देखने के लिए सड़क पर भारी भीड़ जमा हुई। कई राहगीरों ने कांग्रेस के इस अनोखे तरीके की सराहना की, जबकि कुछ ने कहा कि इस तरह के प्रदर्शन से समस्याएं नहीं सुलझेंगी। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि यह अच्छा है कि कांग्रेस ने हमारी समस्याओं को उठाया, लेकिन अब जरूरत है कि निगम तुरंत कार्रवाई करे।

#### स्थानीय प्रशासन को चेतावनी

शहर में सड़कों की बदहाल स्थिति और नगर निगम की कथित लापरवाही ने जनता को परेशान कर रखा है। शहर कांग्रेस का यह प्रदर्शन न केवल स्थानीय प्रशासन को चेतावनी है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जनता की समस्याओं को अनदेखा करना अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रदर्शन से प्रशासन जगा तो ठीक है वरना कांग्रेस उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी।

# मंदिर परिसर में खड़ी बाइक की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ गंगरेल में बाइक चोर सक्रिय

गंगरेल के अंगारमोती मंदिर परिसर में खड़ी बाइक की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। गंगरेल बांध में सालभर पर्यटकों का आना-जाना रहता है। वहीं बांध घूमने आने वाले सैलानी अंगारमोती दर्शन के लिए भी पहुंचते हैं। विशेषकर रविवार व शुक्रवार को मंदिर में श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है। दो पहिया या चारपहिया वाहनों से गंगरेल पहुंचते हैं। सैलानियों की भीड़ का फायदा उठाने चोर पीछे नहीं रहते। अपना वाहन खड़ा कर बांध व मंदिर में दर्शन के लिए गए पर्यटकों व श्रद्धालुओं की बाइक को इस क्षेत्र में सक्रिय चोर उनके वापस आने से पहले ही पार कर देते हैं। इस क्षेत्र में बढ़ती बाइक व मोबाइल चोरी की घटनाओं से पर्यटक परेशान हो रहे हैं। बीते रविवार को भी मंदिर परिसर से एक श्रद्धालु की बाइक की चोरी हो गई है। स्थानीय बांसपारा निवासी अशोक जाधव उम्र 45 वर्ष रविवार की सुबह लगभग 10 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एके 7111 से गंगरेल का अंगारमोती मंदिर गया था। मंदिर परिसर स्थित ज्योति कक्ष के पास मोटरसायकल को खड़ा कर अशोक पूजा कार्यक्रम में चला गया। शाम को वापस लौटने पर देखा कि उसकी मोटरसायकल नहीं थी। आसपास तलाश करने पर भी मोटरसायकल का पता नहीं चला। चोरी गई मोटरसायकल की कीमत 45 हजार बताई गई है। घटना की लिखत शिकायत पर रूद्री पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



जिले में अनवरत बारिश से खेत-खलिहान हुए लबालब, किसान खेतों में न रोपाई करा पा रहे और न ही बुआई

# शहर की निचली बस्तियों में भरा पानी, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में रुक- रुककर हो रही अनवरत बारिश से शहर के वार्ड, गलियां, कालोनियों, निचली बस्तियों में पानी भर गया। लोग दिन भर निकासी मार्ग खोजते रहे। पानी निकालने निगम अमला भी दिन भर जुटा रहा। सड़कों, गलियों व घरों में पानी घुसने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। अंचल में मानसून अपने पूरे शबाब पर है। पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश से खेत, खलिहानों, गलियों में पानी भरा हुआ है। बुधवार को सुबह तेज बारिश शुरू होने के कारण कलेक्टर ने जिले के स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी। उधर बांधों का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है।

धमतरी जिले में बारिश के कारण खेती कार्य में रुकावट आ गई है। खेतों में लबालब पानी भरा हुआ है। किसान खेतों में न रोपाई करा पा रहे है और न ही बुआई। मजदूर भी बारिश के कारण पिछले 5 दिनों से काम पर नहीं जा पा रहे हैं। इस बीच लगातार बारिश को देखते हुए कलेक्टर ने स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी लेकिन अधिकांश स्कूलों में विशेषकर सुबह लगने वाले स्कूलों में इसका कोई असर नहीं रहा। अन्य दिनों की भांति कक्षाएं लगी। गंगरेल में 48 प्रतिशत जलभराव है। बारिश के कारण गंगरेल बांध के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। गंगरेल बांध का जलस्तर 443.85 मीटर हो गया है। यहां 48.6 प्रतिशत पानी भर गया है। पानी की आवक 12622 क्यूसेक जारी है। माड़मसिल्ली बांध का जलस्तर 365.86 प्रतिशत है। हालांकि यहां पानी अभी पर्याप्त ढंग से नहीं भर पाया है। बांध में 0.099 प्रतिशत पानी भर पाया है। पानी की आवक 556 क्यूसेक है। सोंढूर बांध का जलस्तर 463.22 मीटर है। यहां 21.5 प्रतिशत पानी है। 1275 क्यूसेक पानी की आवक है। दुधावा बांध का जलस्तर 416.65 मीटर है। यहां 19.26 प्रतिशत पानी भर गया है। पानी की आवक 331 क्यूसेक है। रुद्री बरॉज का जलस्तर 322.95 मीटर है। यहां 85.34 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। पानी की आवक नहीं हो रही है। जबकि एमएमसी को 311 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है।



24 घंटे के भीतर बुधवार सुबह 8 बजे की स्थिति में धमतरी जिले की भखारा तहसील क्षेत्र में सबसे ज्यादा वर्षा 68.5 मिलीमीटर रिकार्ड दर्ज किया गया है। सबसे कम वर्षा बेलरगांव तहसील क्षेत्र 2.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है। धमतरी तहसील में 40 मिलीमीटर, कुरूद तहसील में 28.8 मिलीमीटर, मगरलोड तहसील में 15 मिलीमीटर, नगरी तहसील में 4.6 मिलीमीटर, कुकरेल तहसील 42 मिलीमीटर वर्षा हुई है। 1 जून से अब तक सबसे ज्यादा बारिश कुकरेल और धमतरी तहसील क्षेत्र में हुई है। कुकरेल तहसील क्षेत्र 385 मिलीमीटर, धमतरी तहसील क्षेत्र में 382.9 मिलीमीटर, भखारा तहसील क्षेत्र 309 मिलीमीटर, कुरूद तहसील क्षेत्र 279.2 मिलीमीटर, बेलरगांव गांव तहसील क्षेत्र 270 मिलीमीटर, मगरलोड तहसील क्षेत्र 165.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। ग्राम शंकरदाह भोथली मार्ग में स्थित रपटे के ऊपर पानी चढ़ जाने के कारण दोपहिया, चारपहिया वाहन को आने जाने में दिक्कत हुई। दोपहिया वाहन चालकों को रास्ता बदलकर धमतरी आना पड़ा। शहर के वार्डों की गलियों में पानी भरने से लोगों की दिनचर्या ठप हो गई। घरों में पानी घुसने से रसोई का सामान व बेडरूम गीला हो गया । बठेना वार्ड के पार्षद श्यामलाल ने बताया कि वार्ड में पिछले एक सप्ताह से पानी भरा हुआ है। लोग परेशान हैं। इसकी सूचना जिला एवं निगम प्रशासन को दे दी गई है । निगम टीम निकासी मार्ग बना रही है। शहर के आमापारा, स्टेशन पारा, नवागांव, सल्हेवार पारा, सोरिद जोधापुर, गोकुलपुर, रामपुर रुद्री रोड की सभी कालोनियों, सरकारी दफ्तर में पानी भर गया है। कुछ वार्डों की सड़क पर पानी आ गया। एक तरह से सड़क पूरी तरह जलमग्न होने से आवाजाही करने वालों का दिक्कतें हुई। देवश्री टाकिज रोड, सोरिद बागतराई रोड, जेल परिसर के आसपास बठेना वार्ड, नवागांव वार्ड समेत अन्य निचली बस्तियों में पानी भर गया जिसे निकालने में नगर निगम की टीम जुटी है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## राजेंद्र पेंशनधारी कल्याण संघ के रायपुर संभाग अध्यक्ष बने





**धमतरी।** राजेंद्र चंद्राकर को पेंशनधारी कल्याण संघ के रायपुर संभाग अध्यक्ष बनाया गया है। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉक्टर डीपी मनहर ने 30 जून को प्रांतीय कार्यकारिणी में राजेंद्र चंद्राकर कुरूद को संभागीय अध्यक्ष रायपुर, कृपाशंकर मिश्रा प्रांतीय प्रवक्ता, रुपेश तिवारी बागबाहरा को प्रांतीय प्रवक्ता, कृष्णाराम साहू को संयुक्त सचिव एवं राजकुमार मिश्रा को संगठन सचिव मनोनीत किया है। इनकी नियुक्ति पर लक्ष्मण राव मगर, होलाराम परिहा, अरुण गौर, यशकरण सिंह गजेंद्र, सेवकराम, हनुमान वर्मा, लालाराम, भारती राव, रेखा देवांगन, सुधीर कौशल, भारतलाल साहू, नंदकिशोर साहू, किरण साहेब, ईश्वरी दयाल साहू एवं चुन्नीलाल तुरिया ने हर्ष व्यक्त किया है।

## टेंगना स्कूल में छात्रों ने फलदार पौधे लगाए

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला टेंगना में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षण स्टाफ ने फलदार व अन्य पौधों का रोपण परिसर में किया। संतोष कुमार बांधव ने बताया कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए। प्रकृति को बचाने के लिए उसकी सुरक्षा करने के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए।

**निधन**

### समारू नेताम



**नगरी।** वरिष्ठ कांग्रेसी व आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज उपक्षेत्र नगरी के पूर्व अध्यक्ष समारू नेताम निवासी रानी दुर्गावती चौक नगरी का असामयिक निधन 9 जुलाई बुधवार को दोपहर 1 बजे हो गया । वे आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नगरी नगर का 10 वर्षों तक अध्यक्ष थे। उनकी अंत्येष्टि में स्वजन एवं सामाजिकगण शामिल हुए।

अगली किस्त का अता-पता नहीं, हितग्राही रोज बैंकों के चक्कर लगा रहे

# आवास की दूसरी किस्त नहीं मिलने से 99 परिवारों का गुजर-बसर हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

विकासखंड मगरलोड के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब परिवार के लोगों को रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृत किया जा रहा है। 1 लाख 30 हजार रुपए की राशि सरकार द्वारा देने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा 15 हजार रुपए की राशि रोजगार गारंटी के तहत दी जानी है। पहली किस्त सीधा हितग्राही के खाते में पहुंच गई है। हितग्राहियों ने प्रशासन के दबाव में अपना कच्चा मकान तोड़कर प्रथम किस्त पर आवास बनाना तो चालू कर दिया है। विकासखंड मगरलोड के 99 हितग्राही की स्थिति दूसरी किस्त के इंतजार में घर से बेघर जैसे हो गई है।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण जैसे-तैसे अपने घर से पैसा लगाकर कर्जा लेकर प्लिंथ लेवल तक निर्माण कार्य करा चुके हैं। अब गरीब परिवारों के पास न तो रहने के लिए घर है और न ही कर्ज पटाने के लिए पैसा। बल्कि रोज तकादे से परेशानियों का सामना अलग करना पड़ रहा है। बैंकों के चक्कर लगाकर थक चुके हैं लेकिन अगली किस्त का अता-पता नहीं है। जनपद पंचायत मगरलोड से मिली जानकारी अनुसार विकासखंड मगरलोड की 67 ग्राम पंचायत के 99 हितग्राही का ऑनलाइन पोर्टल में पहली किस्त की राशि नहीं दिख रही है।






### ऑनलाइन पोर्टल में नहीं दिख रही किस्त

इस संबंध में जनपद पंचायत मगरलोड के पीएम कार्यक्रम अधिकारी रोहित देवांगन ने कहा कि इन हितग्राहियों के खाते में आवास की पहली किस्त पहुंच गई है लेकिन ऑनलाइन पोर्टल में उन लोगों की किस्त नहीं दिख रही है। इसकी जानकारी दो माह पहले जिला अधिकारी को दे दी गई है। जिला अधिकारी ने राज्य शासन को पत्र लिखा है। जैसे ही ऑनलाइन पोर्टल में इन हितग्राहियों की पहली किस्त दिखेगी उसके बाद उनकी अगली किस्त खाते में आना शुरू हो जाएगा।

### बरसात में आवास हितग्राहियों की स्थिति खराब

विकासखंड मगरलोड के हितग्राहियों ने बताया कि अधिकारियों के दबाव में बरसात लगने के पूर्व वे अपना कच्चा मकान तोड़कर कर आवास बनाना प्रारंभ कर दिया लेकिन आवास की दूसरी किस्त खाते में नहीं आने से मकान निर्माण कार्य अधूरा हो गया है। एक ओर कर्जदार पैसे के लिए बार बार जोर दे रहा है तो दूसरी ओर बरसात में गुजर बसर करना मुश्किल हो गया है। हमारी जिंदगी बीच मझधार में फंस गई है। हितग्राहियों ने जल्द ही खाते में दूसरी किस्त राशि डालने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### कर्ज लेकर कराई मकान की ढलाई

विकासखंड मगरलोड के ग्राम आमाचानी, शुक्लाभाठा, भरदा, परसवानी, सौंगा, अरौद, खैरझीठी, सांकरा, बोड़रा, सिंगपुर, पठार, मोहंदी, लुगे, छिपली के आवास हितग्राहियों ने बताया कि लगभग 10 माह पहले आवास की पहली किस्त 40 हजार रुपए खाते में डाली गई थी मगर 10 माह बीत जाने के बाद भी खाते में दूसरी किस्त नहीं आई। दूसरी किस्त जल्दी आएगा कहकर उधारी सीमेंट, छड़ लाकर आवास अब ढलाई तक पहुंच चुका है मगर दूसरी किस्त नहीं आने से चिंता बढ़ गई है कि कब कर्जदार का पैसा देकर मकान की ढलाई करेंगे और अब बरसात लग गई है, रहने के लिए जगह नहीं हैं। भारी बरसात में रहना बसना मुश्किल हो गया है। हितग्राहियों ने जल्द ही आवास को दूसरी किस्त डालने की अपील शासन प्रशासन से की है।

## श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुक्तिधाम में रोपे पौधे

**नगरी।** भाजपाइयों ने नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 2 में स्थापित डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। भाजपाइयों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि श्री मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक व भाजपा के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। भाजपा मंडल नगरी के सभी कार्यकर्ताओं ने जन्म जयंती के अवसर पर स्कूल एवं मुक्तिधाम में पौधरोपण किया। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व महामंत्री कमल डागा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोड़ापार में डॉ. मुखर्जी याद किए गए

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत कोड़ापार में प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। उनकी देशहित, एकता और अखंडता की बातों को याद किया गया। मौके पर दरबा सोसायटी अध्यक्ष जीवन साहू, जनपद सदस्य अनुराग साहू, सरपंच भीम साहू, उपसरपंच मेघनाथ यादव, तुका यादव, जोहत साहू, सेऊक यादव, दुखित यादव, हरि साहू, मीलू सिन्हा, नारायण साहू, मनोहर धीवर समेत अनेक ग्रामवासी शामिल हुए।

# हृदय की सुरक्षा, समय पर जांच से ही संभव है : डॉ. पांडे

- लाइफलाइन हॉस्पिटल में आयोजित हुआ नि:शुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

दिल की बीमारी अक्सर चुपचाप आती है, लेकिन समय पर जांच से उसे रोका जा सकता है। आपका हृदय जीवनभर आपका साथ दे, यह आज की सतर्कता पर निर्भर करता है। उक्त बातें रायपुर के प्रख्यात एमडी और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. शिवम पांडे ने कुरुद में आयोजित निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर में कही।

कुरूद प्रेस क्लब और विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी के साथ मौजूदा समय में 30 से 50 वर्ष की आयु वर्ग में हृदय रोग में हो रही चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए लाइफ़लाइन हॉस्पिटल कुरूद में एक दिवसीय निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ईसीजी, गैस्टोइंडोस्कोपी, ईको कार्डियोलॉजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल (कोलेस्ट्रॉल जांच) जैसी आवश्यक स्वास्थ्य जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

इस शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने हिस्सा लिया। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल के डाक्टर कबीर द्विवेदी, संचालक दिनेश आसरानी, डाक्टर सुनील कुरवंशी व हास्पिटल स्टाफ की भूमिका रही।



### कई बार हार्ट अटैक साइलेंट होता है

इस दौरान डॉ. पांडे एमबीबीएस एमडी मेडिसिन ने हृदय स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में युवाओं में भी मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (एमआई) या हार्ट अटैक की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। इसका मुख्य कारण गतिहीन जीवन शैली, हाइपरलिपिडेमिया (उच्च कोलेस्ट्रॉल), हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप), मधुमेह, धूम्रपान और शराब का सेवन जैसी आदतें हैं। कई बार हार्ट अटैक साइलेंट होता है जिसमें छाती में दर्द की बजाय केवल थकान, गैस या पीठ दर्द महसूस होता है, जिसे लोग अक्सर अनदेखा कर देते हैं।



### समय पर कार्डियक की स्क्रीनिंग

डॉ. पांडे ने कहा कि विशेष रूप से इको और ईसीजी करवाने से कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव है, जिससे हृदय संबंधी गंभीर घटनाओं से बचा जा सकता है। कम से कम 30 मिनट की कार्डियो एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। फैट, शुगर और नमक की मात्रा सीमित करें। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह बचें। नियमित स्वास्थ्य जांच कराना केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

# नपं में एमकॉम के छात्रों की हुई इंटर्नशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत 10 छात्रों की नगर पंचायत कुरूद में इंटर्नशिप कराई गई। छात्र नगर पंचायत के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली से परिचित हुए। छात्रों को प्रशिक्षित कराने में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं स्टॉफ ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष पवन ताम्रकार तथा जनभागीदारी सदस्य भोजराम चंद्राकर के प्रयास से संपन्न हुआ।

प्राचार्य डॉ. अरूण मिश्रा ने नपं कार्यालय द्वारा किये गये छात्रहित में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया तथा भविष्य में ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा जताई।

# बोदलबाहरा स्कूल के प्रधानपाठक एवं छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन शाउमावि बिरझुली में किया गया। मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिपं धमतरी थे। अध्यक्षता वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड ने की। अतिथियों ने शा स की य प्राथमिक शाला बोदलबाहरा के प्रधानपाठक चन्द्रहास सिन्हा को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। श्रीमती पुष्पलता रामायण सिन्हा सरपंच बिरझुली ने एकलव्य परीक्षा में चयनित एवं पांचवीं कक्षा में प्रथम आने पर यामिनी पिता रोहित ध्रुव को प्रतीक चिन्ह एवं पेन से सम्मानित किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य व्हीके अग्रवाल, संकुल समन्वयक होरीलाल साहू एवं बिरझुली संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# भखारा सोसाइटी में किसानों को नि:शुल्क बीज वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

भखारा सोसाइटी में किसानों को बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ में किसानों को मुफ्त बीज वितरण कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें धान, तिलहन और दलहन शामिल हैं। कृषि विभाग के अनुसार ये बीज किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किए जा रहे हैं। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना के तहत किसानों को मूंगफली और अरहर के बीज मुफ्त में दिए जा रहे हैं, ताकि वे वैकल्पिक फसलों की ओर आकर्षित हों। किसानों को बीज और उर्वरक सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें खेती के लिए आवश्यक संसाधन आसानी से मिल सकें। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को बेहतर गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी उपज में वृद्धि हो सके और वे आर्थिक रूप से मजबूत हों।

इस अवसर पर नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि किसानों को वैकल्पिक फसलों की ओर भी ध्यान देना चाहिए ताकि वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें। बीज पाकर सभी किसान प्रफुल्लित थे।मौके पर पार्षद भूपेश्वरी चंदेल, प्राधिकृत अधिकारी सहकारी समिति भखारा गोविन्द सिंह राजपूत, कृषि विस्तार अधिकारी केएल धुव, किसान मित्र लक्ष्मण साहू, प्रमुख किसान झम्मन लाल साहू, संतोष साहू, डुमनलाल, ऐनसिंह साहू, फगवाराम साहू, अनिल साहू, भगतराम, खूबलाल, कुंदन साहू, हरीश साहू, महेन्द्र निर्मलकर, त्रिलोचन साहू, कुमार निर्मलकर, वेदराम, दुलेश्वर सहित बड़ी मात्रा में हितग्राही किसान उपस्थित थे।

**किसानों को वैकल्पिक फसल की ओर भी ध्यान देना चाहिए : ज्योति जैन**





दर्शन के लिए अन्य जिले के अलावा ओडिशा से भी भक्त पहुंचते हैं

# कर्णेश्वर धाम में सावन महोत्सव की तैयारी शुरू

- बैठक में नए पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

श्रावण मास 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है जिसकी तैयारी में कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट जुटा हुआ है। हर वर्ष सावन महीने में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। दीगर जिले के अलावा उड़ीसा से भी भक्त मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक सोमवार को प्रसादी वितरण व सावन के अंतिम सोमवार को महारुद्राभिषेक किया जाएगा।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि सावन महीने में मन्दिर को आकर्षक रूप से सजाने रंग बिरंगी आधुनिक लाइट की व्यवस्था की जा रही है । दूर-दूर से आने वालों कांवरियों के लिये सावन के अंतिम दो शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। सावन महीने में कर्णेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। दूर-दूर से शिव भक्त कांवरियों का जत्था महानदी व बालका नदी के संगम स्थल सहित महानदी के उद्गम स्थल गणेश धाट से जल लेकर कर्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक पूजा अर्चना कर अपने गंतव्य को रवाना होता है। तैयारी को लेकर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को आहूत की गई जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनेक निर्णय लिए गए।

मन्दिर के पुजारी विनोद गिरी गोस्वामी ने ट्रस्ट के नव मनोनीत पदाधिकारियों को शाल भेंटकर सम्मान किया गया। ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में लड्डू का वितरण किया जायेगा। इस कार्य के सम्पादन हेतु तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है जिसके प्रभारी रवि दुबे, निकेश ठाकुर, हनी कश्यप हैं। दानदाताओं के सहयोग से हर सोमवार को भोलेनाथ का प्रसादी वितरित होना है जिसके प्रभारी मोहन पुजारी, रवि भट्ट, हनी कश्यप, दुर्गेश साहू बनाये गये। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि दुबे, रवि ठाकुर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, सहसचिव रामभरोस साहू, मोहन पुजारी, पूजा प्रभारी योगेश साहू, रवि भट्ट, महेंद्र कौशल, हनी कश्यप, डोमार मिश्रा, पुजारी विनोद गिरी गोस्वामी, छवि ठाकुर, राकेश चौबे उपस्थित रहे।



# संकुल समन्वयक पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष

- 22 मई को आयोजित सुशासन तिहार में की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव में 22 मई को आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं शाला समिति के अध्यक्षों, पालकों व ग्रामीणों ने सामूहिक हस्ताक्षर कर संकुल समन्वयक की कार्यप्रणाली तथा व्यवहार व चारित्रिक गंभीर आरोपों की लिखित शिकायत की थी। शिक्षा विभाग के एक आला अफसर को ज्ञापन सौंपा गया था परंतु आज एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आरोपी शिक्षक अभी भी जीजामगांव में अपनी शाला में जमे हुए हैं। विभाग की इस कार्यप्रणाली से क्षेत्र व ग्राम के जनप्रतिनिधियों, पालकों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्राम के शिक्षित वर्ग के लोगों ने उनके इस कृत्य को गंभीर माना है। उनका कहना है कि किसी शिक्षक पर छोटी गलती पर भी त्वरित कार्रवाई व निलंबन आदेशित हो जाता है परंतु इतने गंभीर आरोपों व इसकी पुष्टि हो जाने पर भी आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई न होने से यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि साय सरकार के जनहितैषी कार्यक्रम में सुशासन तिहार में दी गई इस शिकायत पर कार्रवाई न कर शिक्षा विभाग इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को औचित्यहीन साबित कर रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अतिशीघ्र आरोपी शिक्षक पर निलंबन की कार्रवाई करते हुए उनका अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए अन्यथा वे मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2018 में सिविल कोर्ट के पीछे 3000 वर्गफीट जमीन, खसरा क्रमांक-1176/11 जो श्रीमती हेमा डहरिया एवं श्रीमती सरिता डहरिया के नाम से था, उसे मेरे द्वारा खरीदा गया, जिसका सम्पूर्ण दस्तावेज मेरे पास है, परंतु जो श्रीमती हेमा डहरिया एवं श्रीमती सरिता डहरिया के नाम से जो दस्तावेज मेरे पास था। वह मेरे निवास स्थान से गुम हो गया। इसके संबंध में दिनांक 27.06.2025 को रूद्री थाना जिला धमतरी छ.ग. में एफआईआर सूचना दर्ज करा दी गई है। यदि उक्त संपत्ति के अन्य दावेदार हो तो 15 दिवस के भीतर संपर्क करे।

**श्रीमती भोजेश्वरी मण्डावी
सिविल कोर्ट के पास मकान क्र. आई-8, जी.ए.डी. कालोनी
धमतरी, जिला धमतरी छ.ग.**

## खबर संक्षेप

### निगम प्रशासन की अनुमति के बगैर होर्डिंग्स, फ्लैक्स नहीं लगा सकेंगे

**जगदलपुर।** शहर में अब निगम प्रशासन के अनुमति के बगैर अगर कोई भी फ्लैक्स-पोस्टर्स



या होर्डिंग्स लगाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही बिना अनुमति के अपने दुकानों में लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग,पोस्टर सहित स्वागत फ्लैक्स लगाने वाले 12 दुकानदारों को निगम ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर बड़ी चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अब राजनीतिक दलों को भी अपने नेताओं के स्वागत वाले पोस्टर्स होर्डिंग लगाने के पहले निगम से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। राजस्व विभाग के सभापति संग्राम सिंह राणा ने ने साफ कहा है कि शहर की सुंदरता को नुकसान होर्डिंग और फ्लैक्स लगा कर किया जा रहा है जो कि अनुचित है और पूरे शहर में लगे फ्लैक्स, पोस्टर्स और डिवाइडर में लगे बैनर को हटा दिया जाएगा और आगे लगाने वालों पर बड़ी चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में राजनीति दलो को भी बख्शा नही जाएगा,चाहे वह भाजपा या कांग्रेस या किसी अन्य दल का हो। सभी के साथ एक जैसे कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में अब तक 204.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 396.3 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 273.6 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 216.2 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 141.7 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 138.8 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 136.2 मिलीमीटर, और गादीरास तहसील में 126.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 204.1 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1772.2 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 9 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा कोण्टा तहसील में 4.0 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 3.5 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 1.8 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 0.0 मिलीमीटर दर्ज, गादीरास तहसील में 0.0 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 0.0 मिलीमीटर, और दोरनापाल तहसील में 0.0 मिलीमीटर, की गई है। इस प्रकार 9.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### बस्तर गोंचा पर्व निर्विघ्न संपन्न, आरण्यक ब्राह्मण समाज ने माना आभार

**जगदलपुर।** बस्तर गोंचा पर्व के निर्विघ्न संपन्नता पर 360 घर



आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने छत्तीसगढ़ शासन, जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम एवं पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों और समस्त श्रद्धालुओं के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### टूर गाइड ट्रेनिंग के लिए मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जून–जुलाई में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के युवक एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु उपयुक्त मानव संसाधन तैयार किया जाना है। यह गाइड ट्रेनिग प्रशिक्षण कार्यक्रम इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एण्ड ट्रैवल मैनेजमेंट ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

पुल की ऊंचाई कम होने से बारिश में आवाजाही पूरी तरह प्रभावित

# खारुन नदी पर पुल निर्माण के लिए भेलवाकूदा के ग्रामीणों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

जिला मुख्यालय धमतरी से 30 किलो मीटर और जिला मुख्यालय दुर्ग से 50 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत रानीतराई व ग्राम पंचायत गाड़ाडीह के आश्रित ग्राम भेलवाकूदा के बीच खारुन नदीं गुजरती है। यह धमतरी और दुर्ग को जोड़ने का सबसे पुराना मार्ग है। यह नदी की दुर्ग जिला और धमतरी जिला की सीमा रेखा को दर्शाता है। यहां लगभग 25 वर्ष पूर्व पुल का निर्माण किया गया था जिसकी ऊंचाई काफी कम है। बारिश के दिनों में जल बहाव ज्यादा होने कारण आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। क्षेत्र के लोग लम्बे समय से पुल बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हो पाई है।



दुर्ग जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीतराई में स्कूल, अस्पताल, बैंक, पेट्रोल पंप, दुकानों सहित अनेक संस्थाएं संचालित हैं। नजदीक में सुविधा होने के कारण दुर्ग जिला के अलावा धमतरी जिले के अनेक गांव आश्रित है। इस रास्ते से मालवाहक, दोपहिया, चारपहिया के साथ दुर्ग से धमतरी के लिए कई यात्री बसें भी चलती हैं। लेकिन बारिश के दिनों में अपना रूट बदल लेते हैं। यातायात के दृष्टिकोण से भेलवाकूदा के ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। ग्राम गाड़ाडीह आश्रित ग्राम भेलवाकूदा, पचपेड़ी, कोपेडीह, हंचलपुर, कोर्रा समेत अन्य गांव के ग्रामीणों ने एक बार फिर खारुन नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। इन गांवों के लोग दुर्ग, पाटन, रानीतराई आने-जाने के लिए बारिश के दिनों में खारुन नदी को पार करने को मजबूर हैं। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि गांव के दर्जनों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इस नदी को पारकर विद्यालय पहुंचते हैं। जलभराव अधिक होने पर अन्य रास्तों से जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में नदी में तेज बहाव और जलस्तर बढ़ जाने से खतरा और भी अधिक बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर संबंधित विभाग और प्रशासन को भेजा गया, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

बरसात में नदी में पानी का बहाव इतना तेज हो जाता है कि लोग रानीतराई से पूरी तरह कट जाते हैं। ग्राम पंचायत गाड़ाडीह की सरपंच पूर्णिमा धनकर ने बताया कि हर साल बरसात में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करना पड़ता है। यह स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। फिलहाल नदी से 100 मीटर की दूरी पर बैरिकेड्स लगाया गया है। भेलवाकूदा के ग्राम प्रमुख चंदूराम साहू, अनिल पंच, जितेंद्र निषाद पंच, लक्ष्मण पंच, तोषी निषाद, पूर्णिमा पंच, प्रेमलता, रोशनी पंच, रमेंद्र साहू पंच, मंशा ठाकुर, नागेश कोटवार, जागेश्वर प्रसाद, शत्रुघन धनकर, नरेन्द्र साहू, डोमेश साहू ने शासन- प्रशासन से जल्द से जल्द पुल निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुल का निर्माण नहीं हुआ तो यहां बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने कहा कि पुल निर्माण से न केवल बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित होगी, बल्कि गांवों का संपर्क रानीतराई, पाटन, दुर्ग, भिलाई सहित अन्य शहरों से वर्षभर बना रहेगा।

# पंचायत सचिव संघ ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखण्ड के पंचायत सचिव संघ ब्लॉक शाखा नगरी ने सोमवार को हल्बा समाज भवन में स्थापना दिवस और सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सीईओ रोहित बोरझा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष डोमार ध्रुव, आयुष झा और सरपंच संघ अध्यक्ष अनित ध्रुव थे। अतिथियों ने कहा कि पंचायत सचिव शासन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाते हैं। विकास कार्यों को ईमानदारीपूर्वक किया जा रहा है। उन्हें शासकीय सुविधाएं नहीं मिलती जबकि वे इसके हकदार हैं। सचिवों की जायज मांगें जल्द पूरी की जाएं।

संघ ने कहा कि शासकीयकरण की मांग कई वर्षों से लंबित हैं। भाजपा सरकार ने चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी की गारंटी के तहत इसे पूरा करने का वादा किया था। अब तक यह वादा पूरा नहीं हुआ।

कार्यक्रम में बिंदेश्वर यादव, गजेंद्र नेताम, संतोष ध्रुव, तुलसी चंद्राकर, भोजराम ध्रुव, भोजराम साहू, खूबचंद ध्रुव, विनोद जैन, सुनील नेताम, दिगंबर कंवर, तेजाराम अंसारी, लक्ष्मी साहू, हेमंत पांडे, खूबलाल साहू, भवानी प्रताप जांगड़े, ममता उईके, हरिशंकर साहू, रुना साहू, कोमल देव नेताम, वेद सिन्हा, रैनकुमार नेताम, विष्णु बघेल, हेमा लहरे, किरण वट्टी, भरोस साहू, खिलानंद नवरंग, देवीसिंह सारी सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# नशा, मनुष्य के नाश का कारण है : सिंधु

- कोसमर्रा में नशा उन्मूलन पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम कोसमर्रा में नशा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सिन्धु बैस ने कहा कि वर्तमान समय में नशा मनुष्य के नाश का कारण बन चुका है। ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि स्वयं भी नशे से दूर होकर अन्य लोगों को भी नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

कार्यक्रम में बताया गया कि नशे के कारण होने वाली दुर्घटना से सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि शारीरिक व मानसिक क्षति होती है।





नशा समाज के लिए भी हानिकारक व नुकसानदायी है। जो भी नशे की समस्या से जूझ रहे हैं, उन्हें सकारात्मक विचार अपनाने, योगाभ्यास, व्यायाम करने, विशेषज्ञ से सलाह लेने, खुद में व्यवहार परिवर्तन कर अच्छी आदतें को अपनाने की जरूरत है। नशा समाज के लिए भी हानिकारक व नुकसानदायी है। कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी, डंडा व टार्च का वितरण किया गया।

मौके पर संरपच कुलेश्वर साहू, गोविंदा साहू, श्री कोसले, भखारा थाना प्रभारी नीरज दुबे, हेमंत साहू, महिला पंचगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

परिजनों एवं सखी सेंटर की समझाइश के बाद हुए अलग

# मोहपाश में फंसकर दो युवतियों ने आपस में रचाया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। दो लड़कियां एक दूसरे के मोहपाश में फंसकर आपस में ही विवाह रचा लिया। घरवालों से मंजूरी नहीं मिलने पर दोनों लड़कियों ने शासन-प्रशासन व पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। हालांकि दोनों को बुलाकर सखी सेंटर के माध्यम से समझाइश दी गई तब कहीं जाकर दोनों अपने-अपने घर में रह रहे हैं।

यह घटना शहर के एक वार्ड की है जहां एक ही जाति की दो युवा लड़कियों में आपस में प्यार पनपने लगा। प्यार मोहपाश इतना आगे बढ़ गया कि घर, परिवार समाज को दरकिनार कर आपस में ही शादी रचा ली।



शादी रचाने के बाद दोनों साथ-साथ रहने भी लगे। दोनों के परिवार वालों को यह बात नागवार गुजरी और अलग-अलग होने का दबाव बनाया। दबाव के बाद भी वे अलग नहीं हुए बल्कि शासन, प्रशासन, पुलिस को आवेदन देकर सुरक्षा मांगी। इससे परिवारजन सकते में आ गए। सखी सेंटर की मध्यस्थता के बाद दोनों फिलहाल अलग-अलग रह रहे हैं। लेकिन मिलना-जुलना बंद नहीं हुआ है। दोनों के विवाह की रील वीडियो, इंस्टाग्राम, फेसबुक में खूब वायरल हुई है।

# धमतरी में हरित ऊर्जा की ओर एक नया कदम

- मुजगहन में शीघ्र बनेगा बायोगैस प्लांट
- साय सरकार की पहल पर बीपीसीएल और बायोफ्यूल प्राधिकरण की टीम ने किया निरीक्षण, महापौर से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



स्वच्छ और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व में मुजगहन क्षेत्र में शीघ्र ही बायोगैस प्लांट की स्थापना की जाएगी। यह पहल राज्य सरकार की हरित ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस परियोजना के सिलसिले में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी नगर निगम धमतरी पहुंचे, जहां उन्होंने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर प्रस्तावित योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, महेन्द्र जगत उपस्थित थे। बैठक के दौरान तकनीकी खाका, संभावित स्थान, कचरा निपटान की प्रक्रिया, स्थानीय सहभागिता तथा पर्यावरणीय प्रभाव जैसे विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया।

महापौर रामू रोहरा ने इस स्वागतयोग्य पहल के लिए शासन एवं संबंधित संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना न केवल स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करेगी, बल्कि शहर में कचरा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। नगर निगम की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। यह प्रस्तावित बायोगैस प्लांट धमतरी को स्मार्ट और सस्टेनेबल सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। आने वाले समय में यह परियोजना न केवल शहर के ऊर्जा संसाधनों को सशक्त बनाएगी, बल्कि धमतरी को प्रदेश में हरित विकास के मॉडल के रूप में स्थापित भी करेगी।

# प्राथमिक शाला रामनगर को आदिवासी कन्या आश्रम में किया मर्ज



- निरस्त करने पालकों ने कलेक्टर, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम सांकरा स्थित आदिवासी कन्या आश्रम एक पूर्णतः आवासीय विद्यालय है, क्षेत्र की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवास सुविधा मिल रही है किंतु वर्तमान शैक्षणिक सत्र में शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण योजना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रामनगर हिन्छापुर को उक्त आश्रम में मर्ज कर दिया गया है। इस निर्णय को लेकर क्षेत्र के पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों में असंतोष की भावना है। स्थानीयजनों का कहना है कि इस मर्ज की प्रक्रिया में न तो शाला प्रबंधन समिति और न ही ग्रामसभा को कोई पूर्व सूचना दी गई, न ही उनकी राय ली गई, जो प्रशासनिक पारदर्शिता और सहभागिता के सिद्धांतों के विपरीत है।

ग्रामवासियों का यह भी कहना है कि इससे न केवल आश्रम की आवासीय व्यवस्था और शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो सकता है, बल्कि वहां अध्ययनरत छात्राओं को मिलने वाली विशेष सुविधाएं भी बाधित हो सकती हैं। इससे आश्रम के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। इस संबंध में ग्राम सांकरा व रामनगर हिन्छापुर के जनप्रतिनिधियों, पालकों, ग्रामसभा व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नगरी को कई बार अवगत कराया गया। साथ ही कलेक्टर, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के नाम ज्ञापन प्रेषित कर उक्त मर्ज को निरस्त करने की मांग की गई है।



बुधवार को सर्व आदिवासी समाज जोन सांकरा के अध्यक्ष उमेश देव, अध्यक्ष विशाल ध्रुव, सरपंच सांकरा नागेंद्र बोझा, सरपंच हिन्छापुर अमन कुमार, जनपद सदस्य शशि ध्रुव, पूर्व सरपंच सती मरकाम, ग्रामसभा अध्यक्ष गिरवर भंडारी, ग्राम व्यवस्था अध्यक्ष मोगेश ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधयों ने मांग की कि मर्ज प्रक्रिया को शीघ्र निरस्त किया जाए और आश्रम को यथावत रखा जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिवस के भीतर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो सर्व आदिवासी समाज द्वारा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# चेंबर की कोशिश से ही प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम लागू हुआ

- चेम्बर कार्यालय में हुई कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए
- बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अपर श्रम आयुक्त एसएल जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक 8 जुलाई को चेम्बर कार्यालय देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट रायपुर में हुई। पिछली कार्यकारिणी की बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, लगभग 80 प्राप्त नये सदस्यता आवेदन पत्रों की जांच के पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई। 12 सदस्यों से प्राप्त आवेदन फर्मों के नाम, स्थान, प्रतिनिधि के नाम परिवर्तन, रू. 2000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति, हेतु विचार विमर्श एवं अन्य विषय-अध्यक्ष की अनुमति से आदि विषयों पर चर्चा हुई।

पिछली कार्यकारिणी बैठक की कार्रवाई का पठन चेम्बर कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा ने किया। 2000 से अधिक के खर्चों एवं आय-व्यय की जानकारी चेम्बर प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने दी।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपने उद्बोधन में विगत 75 दिनों के कार्यकाल में किये गये कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चेंबर की कोशिशों का ही ये परिणाम है कि प्रदेश में एकल खिड़की प्रणाली (सिंगल विंडो सिस्टम) लागू हुआ। व्यापारियों के लिए विभिन्न कार्यशाला आयोजित की जिससे व्यापारीगण लाभान्वित हुए। श्री थौरानी ने कहा कि चेम्बर हमेशा व्यापारिक हित में कार्य कर रहा है। आज बाजार में टेक्नोलॉजी बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिसकी जानकारी हमें नहीं मिल पाती, चेम्बर द्वारा इस संबंध में संबंधित विभागों द्वारा कार्यशाला आयोजन करने जा रही है। चेम्बर के माध्यम से समितियां गठित कर विभिन्न विभागों के एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी हासिल करेंगे। सरकार की सारी योजनायें चेम्बर की वेबसाईट पर मिलेगी।

चेम्बर चेयरमेन गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर में अनेक उतार-चढ़ाव आये। आज छत्तीसगढ़ चेम्बर भारतवर्ष का सबसे अधिक सदस्यों वाला चेम्बर है जिसके वर्तमान में 27 हजार से भी ज्यादा सदस्य हैं। पूर्व चेम्बर अध्यक्ष जितेन्द्र बरलोटा ने कहा कि कार्यकारिणी की बैठक महत्वपूर्ण होती है। वर्तमान में जिस प्रकार व्यापार बढ़ा है, उस प्रकार से चेम्बर में भी परिवर्तन लाना होगा।

चेम्बर वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी ने जीएसटी से संबंधित जानकारी दी। भारत ठक्कर द्वारा चेम्बर की सदस्यता के लिये आनलाइन फार्म भरने संबंधी जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई।

इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन के अपर श्रम आयुक्त एसएल जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान बाल श्रम के उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अपर श्रम आयुक्त श्री जांगड़े ने बाल श्रम से संबंधित कड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल श्रम न केवल एक नैतिक अपराध है बल्कि यह भारतीय कानून के तहत एक गंभीर दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने बाल श्रम कानूनों के उल्लंघन पर होने वाली सख्त कार्रवाइयों और जुर्माने के बारे में भी बताया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारियों से अनुरोध किया कि वे बाल श्रम को रोकने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं और यह सुनिश्चित करें कि उनके प्रतिष्ठानों या उनसे संबंधित किसी भी कार्य में बच्चों को काम पर न रखा जाए। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने महिला चेम्बर का गठन कर डॉ. ईला गप्ता को महिला चेम्बर अध्यक्ष मनोनीत किया। पदाधिकारियों ने चेंबर के समर्पित कर्मचारी संजीव रावते के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

बैठक का संचालन चेम्बर महामंत्री अजय भसीन एवं आभार प्रदर्शन चेम्बर कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने किया। बैठक में महामंत्री अजय भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सलूजा, विनय बजाज, ललित जयसिंह, कमल सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश रोहरा, प्रदेश मंत्री आलोक पाण्डेय, धमतरी इकाई अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, संरक्षक रमेश दिवानी, कन्हैया कामरानी समेत पूरे प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी आलोक पाण्डेय प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने दी।

# छात्राओं ने सीखा आत्मरक्षा का तरीका



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्कूली बच्चों को आत्मरक्षा में निपुण करने के लिए इंडोर स्टेडियम में 5 दिवसीय कराते प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्राओं ने बेटी के नाम पौधरोपण भी किया। अंत में जिला पंचायत सभापति के समक्ष छात्राओं ने कराते का प्रदर्शन भी किया।

शहर में लगातार माहौल खराब होता रहा है। ऐसे में सबसे ज्यादा खतरा स्कूल आने वाली छात्राओं को रहता है। इस स्थिति को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से छात्राओं को आत्मरक्षा में निपुण करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में पांच स्कूल की 100 से ज्यादा छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें गोकुलपुर सकूल, सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब, विद्याकुंज लोहरसी, नत्थूजी जगताप नगर निगम स्कूल और सेंट मेरी स्कूल की छात्राएं शामिल थीं। दो स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी इस प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। इस दौरान छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, गुड टच, बेड टच की जानकारी दी गई।

### शिविर में छात्रों ने किया रक्तदान

**धमतरी।** चर्रा स्थित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पौधरोपण एवं निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने बताया कि रासेयो में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं के अंदर अनुशासन एवं बौद्धिक विकास का स्तर बढ़ता है। देश, सेवा एवं समाज सेवा की भावना भी विकसित होती है।

# धमतरी नगर में गुरु पूर्णिमा पर आज होंगे विविध कार्यक्रम



**धमतरी।** गुरुजनों को समर्पित गुरू पूर्णिमा आज मनाई जाएगी। परम्परा के अनुसार इस दिन शिष्य अपने गुरुओं को ज्ञान के बदले कृतघ्नता प्रकट करेंगे। आशीर्वाद लेंगे। गुरु पूर्णिमा पर धमतरी में जगह-जगह कार्यक्रम रखे गए हैं। गायत्री मंदिर, स्कूलों के अलावा धार्मिक संस्थाओं में भी गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। विवेकानंद नगर गली नं. 4 में भी सामूहिक शिवयोग ललिता रुद्र त्रिसती लेवल 2 का पाठ एवं गहरी साधना का आयोजन रखा गया है। डॉ अवधूत बाबा शिवानंद की दिव्य वाणी व सूक्ष्म उपस्थिति में यह आयोजन रखा गया है। संत बाबा हरदास राम सेवा मंडल के तत्वावधान में 10 जुलाई को सुबह 10 बजे से गोदड़ीवाला धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सत्यनारायण की कथा होगी। हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। भजन, मदाह साहब, आरती पश्चात प्रसादी व भंडारा वितरित किया जाएगा। इसी तरह साईं मंदिर, भगवान पीर बाबा रामदेव मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मन्दिर सहित विभिन्न धार्मिक संगठन गुरुजनों की वंदना कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेंगे।

# सावन महीने में शिव कथा का होगा आयोजन

- 11 को निकलेगी पोथी यात्रा
- सावन माह के चार सोमवार को निकलेगी कांवर यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री बोलबम कांवरिया संघ धमतरी के तत्वावधान में सावन माह के प्रारंभ में 11 जुलाई शुक्रवार को मठमंदिर बनियापारा से दोपहर 2 बजे पोथी यात्रा का आयोजन किया गया है। पोथी यात्रा मठमंदिर से सदर बाजार चढ़ाव होते हुए किले के बुढ़ेश्वर मंदिर में विराम होगी। सावन भर मंदिर में कथावाचक पं. हरिशरण वैष्णव कनेरी वाले की संगीतमय महाशिवपुराण की कथा का प्रवचन दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा।

बोलबम कांवरिया संघ द्वारा सावन माह के चार सोमवार को कांवर यात्रा सुबह 5 बजे कचहरी चढ़ाव से रूद्री महानदी के तट से पूजा अर्चना कर कांवर में जल लेकर बोलबम के नारों के साथ शहर की परिक्रमा करके इतवारी बाजार मंदिर में कांवर यात्रा का विराम होगा।


कार्यक्रम में समिति के सेवादारी दाऊ कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रकाश सोनी, महेश महावर, धुमीराम वर्मा, मुकेश सुखवानी, सुरेन्द्र गुप्ता, गोपाल कौशिक, राजेश नामदरेव, उमेश यादव, हितेश अग्रवाल, दुष्यंत, चुनेश्वर, महेश सोनी, विशाल वाधवानी, घनश्याम सोनी, अशोक सोनी, संतोष सोनी, धरमु भांचा, दौलत ज्ञानचंदानी, रूपेश राजपूत, गोपाल वाधवानी, दीप वाधवानी, आशीष ने आयोजनों में सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।













## करेली बड़ी में डॉ. मुखर्जी को किया याद

**मगरलोड।** ग्राम करेली बड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। सुखीराम साहू सेनि प्रधानपाठक ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बारे में बताया कि राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए उनका संकल्प आज भी राष्ट्रवाद की प्रेरणा है। भाजपा संगठन में निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवा प्रदान कर संगठन को मजबूती दी। मौके पर मुकेश सिन्हा, दुलरवा साहू, जितेश्वर साहू, दानेश सिन्हा, मुकेश साहू, भुनुराम निषाद, मनी सतनामी, जद्दू साहू उपस्थित थे।













